>

Title: Need to supply drinking water to rural areas in Jharkhand.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): सभापति महोदय, मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं कि झारखंड राज्य के बहुत महत्वपूर्ण सवाल पीने के पानी पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है। झारखंड राज्य पठारी क्षेत्र होने के कारण वहां जमीन के नीचे पानी उपलब्ध नहीं है। झारखंड राज्य के बहुत बड़े भाग में खाद्यान्न होने के कारण भी पानी का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है विशेषकर धनबाद जिला गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। इसलिए सदन के माध्यम से सरकार से मैं मांग करता हूं कि झारखंड राज्य में ग्रामीण जलापूर्ति योजना प्रारम्भ की जाए जिससे जल संकट से निदान मिले और जनता को लाभ हो सके।